जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-46 | जयपुर, सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## खादी देश की पहचान, युवा वर्ग खादी को अपनाकर सुखद बदलाव ला सकते हैं - पूर्व सदस्य रामदास शर्मा

❑ खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 का हुआ उद्घाटन ❑ खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की बम्पर छूट





**जयपुर (हमारा वतन)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग,भारत सरकार के पूर्व सदस्य रामदास शर्मा ने कहा कि खादी देश की पहचान है। युवा वर्ग खादी को अपनाकर देश में सुखद बदलाव ला सकता है। रामदास शर्मा ने मंगलवार को बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई गयी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है।

उन्होंने कहा कि खादी मेक इन इंडिया की पहली उपज थी। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है। भारत सरकार का कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है।

राजस्थान खादी ग्रामउद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 5 दिसंबर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2024 तक संचालित की जाएगी। यह प्रदर्शनी पिछले 13 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 175 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 115 स्टॉल खादी व 60 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं।

इस अवसर पर राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ उपाध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल सहायक मंत्री, राजस्थान प्रदेश की खादी संस्थाओं के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में आमजन व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 25 सालों की दुर्गम सेवा को डॉ. सोनी ने मिठाई व केक बांटकर मनाई सिल्वर जुबली



**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा (सकलाना) टिहरी गढ़वाल में शिक्षक के पद पर कार्यरत वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी जिन्हें पर्यावरणविद् भी कहा जाता है ने दुर्गम में रहते हुए 25 सालों की सेवा पूर्ण कर ली । आज जहां दुर्गम में सेवा करने में लोग कतराते हैं और सुगम के नाम पर देहरादून के लिए जीतोड़ कोशिश करते हैं । वहीं डॉ. सोनी जैसे शिक्षक भी हैं जिन्होंने अपनी 25 वर्षों की दुर्गम सेवा पर बच्चों को मिठाई बांटी और केक काटकर सिल्वर जुबली का जश्न मनाया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने बताया कि शिक्षा विभाग में 1998 में रा.उ.मा.वि. उर्गम चमोली में पहली नियुक्ति हुई। उस समय हेलंग से 12 किमी पैदल विद्यालय तक पहुंचा जाता था । इन पच्चीस वर्षो में मैंने राइका नारायण नगर सुनाई चमोली, टिहरी मोलघर लोस्तु, सुमाड़ी पौड़ी में सेवा की है। सरकार द्वारा निर्धारित दुर्गम जिसकी तीन डी दुर्गम, ई अति दुर्गम, एफ विशिष्ट दुर्गम की श्रेणी बनाई गई थी मैंने तीनों श्रेणियों में अपनी सेवा की हैं और इन भौगोलिक विषमताओं में रहते हुए पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व पौधारोपण, मेरा पेड़-मेरा दोस्त, मेरा वृक्ष-मेरा मित्र व पौधे उपहार में देने, दूल्हा दुल्हन को शगुन में पौधे देने का कार्य किया। इन कार्यों के लिए मुझे राज्यपाल, मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। आज में जो कुछ हूँ वो अपनी दुर्गम की सेवा की वजह से हूँ । जो आदर संस्कार गांव के लोगों व छात्रों द्वारा दिया जाता है उन्हें बयाँ नहीं किया जा सकता। इन कार्यों में मेरी पत्नी किरन सोनी का मुझे भरपूर सहयोग रहता है। प्रधानाचार्य अनूप थपलियाल ने बताया कि डॉ. सोनी मृदुभाषी व अच्छे वक्ता होने के साथ छात्रहित में समर्पित हैं । उनका क्षेत्र ही नही प्रदेश, देश में अलग पहचान है। इस दौरान नवीन भारती, राजेंद्र सिंह रावत,मनोज सकलानी, रामस्वरूप उनियाल, राकेश पंवार, पवित्रारानी, अंजना गैरोला, किरन सोनी, अंकिता, पूजा आदि लोग उपस्थित रहे।



## लोहरवाडा में हुआ संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** श्रीराम भक्त मण्डल ईटावा भोपजी के सानिध्य में ग्राम लोहरवाडा में सुभाषचंद्र शर्मा के निवास स्थान पर उनकी राजकीय सेवानिवृत्ति एवं एकादशी व्रत उद्यापन के अवसर पर सामुहिक संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वन्दना, श्रीराम स्तुति एवं भगवान जानकीनाथ की आरती के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्णिमा गोशाला धानोता के रामबिहारी दास महाराज, श्री लक्ष्मीनाथ महाराज पुजारी हेमन्त शर्मा, गिरधारी लाल जांगिड, शिव सहाय दूत, एडवोकेट भंवर सिंह नाथावत, रामजीलाल शर्मा, सुरेन्द्रनाथ बागडा, कल्याण सैनी, लालचंद कुमावत,रोहित, श्रवण योगी, मुंशीराम, सेवानिवृत्त अध्यापक बाबूलाल शर्मा, सुभाषचंद्र शर्मा के सुपुत्र, परिवारजन, रिश्तेदार, ग्रामीण, महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## किन्नरों ने साई बाबा मंदिर में चढ़ाया चांदी का छत्र

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी स्थित श्री शिर्डी साईं मंदिर में किन्नर समाज के एक समूह ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर मैन बस स्टैंड से नाचते गाते साई मंदिर पहुंचे और बाबा को श्रद्धापूर्वक पोशाक और चांदी का छत्र चढ़ाया। इस मौके पर साई मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया । कार्यक्रम में किन्नर समाज की प्याज बाईं, रानी जीजी, नय्या बाईं, बबलू बाई, मुस्कान बाई, राधिका बाई ,दीपक ढोलक वाले एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# मुख्यमंत्री योगी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत विवाह कार्यक्रम को किया सम्बोधित



**लखनऊ (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब बिना भेदभाव लाभ देने वाली सरकार आती है, तो सरकारी योजनाओं में एक गरीब की सुनवाई होती है। सरकार कमजोरों के साथ खड़ी होती दिखाई देती है। जिस विवाह में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण तथा शासन-प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी खड़े हों, तो इससे बड़ा कोई कार्यक्रम नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री जनपद गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 1,500 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दहेज मुक्ति तथा बाल विवाह रोकने तथा इस बात का एहसास कराने का भी अभियान है कि हम लोग समाज में कुरीतियों को नहीं पनपने देंगे, जो समाज के विकास में बाधक हों। प्रदेश सरकार समाज को जोड़कर इस दिशा में अनेक कार्यक्रम चला रही है। सामूहिक विवाह योजना इसी श्रृंखला का हिस्सा है। न्यूज ऑफ इंडिया (एजेन्सी) के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन दहेजमुक्त विवाह को प्रेरित करने के लिए डबल इंजन सरकार द्वारा किए गये प्रयासों का परिणाम है। यह उस सामाजिक कुरीति पर एक प्रहार भी है, जो समाज में गरीबों तथा वंचितों को बेटी के विवाह जैसे पवित्र यज्ञ से वंचित कर देती थी। हम सभी को बाल विवाह से पूरी तरह समाज को छुटकारा प्रदान करने की दिशा में कार्य करना होगा। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को पूर्ण रूप से समाप्त करने की दिशा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक अभिनव प्रयास है। इस अभिनव प्रयास का परिणाम है कि आज यहां पर 1,500 जोड़े विवाह बंधन में बंध रहे हैं। प्रदेश में 03 लाख से अधिक परिवार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से जुड़ चुके हैं।



# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी भ्रष्टाचार का पुतला फूंका

**जयपुर (हमारा वतन)।** झारखंड से कांग्रेसी राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर 225 करोड रुपए से ज्यादा की नगदी मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के बाहर कांग्रेसी भ्रष्टाचार का पुतला फूंका। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा ने बताया कि कांग्रेस आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है । कांग्रेस में भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने की परंपरा रही है । भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता इस भ्रष्टाचार रूपी रावण का दहन करके ही दम लेगा। इस दौरान वरिष्ठ नेता अशोक विजयवर्गीय, जिला मंत्री श्रवण सैनी, युवा मोर्चा के जिला सहसंयोजक ओम प्रकाश बुरी, जिला कार्यालय प्रभारी राजेश कुमार ढाका, फूलचंद सोलेट, युवा मोर्चा नेता राजकुमार शर्मा, मधुसूदन शर्मा, संदीप मीणा, अभिषेक शर्मा, महेंद्र शर्मा ,अमित शर्मा, गुलजारीलाल गंगवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# इग्नू और केन्या ओपन यूनिवर्सिटी ने किया समझौता

**जयपुर (हमारा वतन)।** शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय पहल करते हुए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और केन्या मुक्त विश्वविद्यालय (ओयूके) ने आधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुतो और भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केन्या के शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा और अनुसंधान के प्रधान सचिव और वीसी इग्नू, प्रोफेसर नागेश्वर राव द्वारा समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने बताया कि केन्या ओपन यूनिवर्सिटी (ओयूके) और इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं। मुख्य बिंदुओं में छात्र और संकाय की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाना, शिक्षण और सीखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक को शामिल करना, ओयूके कर्मचारियों के लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रम, बाजार की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम विकास, ई-लर्निंग प्लेटफार्मों में विशेषज्ञता साझा करना, संयुक्त अनुसंधान और विकास पहल, सहायता शामिल हैं।

एमओयू पर हस्ताक्षर इन प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसमें उच्च शिक्षा और अनुसंधान के प्रधान सचिव, डॉ. बीट्राइस इनयांगला और ओयूके के कुलपति, प्रोफेसर एलिजा ओमवेंगा, हस्ताक्षर समारोह में नेताओं के साथ शामिल हुए। इग्नू और केन्या के मुक्त विश्वविद्यालय के बीच यह सहयोग शिक्षा को आगे बढ़ाने, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और विकासशील देशों में छात्रों के लिए अवसर पैदा करने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। इग्नू की ओर से हस्ताक्षर समारोह में प्रोफेसर उमा कांजीलाल, प्रो-वाइस चांसलर, प्रोफेसर डॉ. श्रीकांत महापात्रा, प्रो-वाइस चांसलर, प्रोफेसर सुमित्रा कुकरेती, प्रो-वाइस चांसलर और अन्य प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे।

# दी बार एसोसियेशन चौमूँ के वार्षिक चुनाव संपन्नःकैलाश चन्द गौरा बने अध्यक्ष



**जयपुर (हमारा वतन)।** दी बार एसोसियेशन चौमूँ के वार्षिक चुनाव आज बार कार्यालय में सम्पन्न हुए। जिसमें 485 मतदाताओं में से 464 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया 7 मतदान प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। अधिवक्ता मताधिकार दिवस भी मनाया गया। इसके पश्चात् मतगणना की गई जिसमें अध्यक्ष पद पर कैलाश चन्द गौरा विजयी हुये तथा अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी राजेन्द्र कुमार शर्मा को 36 मतो से हराया। उपाध्यक्ष पद पर पवन कुमार शर्मा विजयी हुये तथा अपने प्रतिद्वन्दी बनवारीलाल खर्रा को 40 मतो से हराया।

महासचिव पद पर महेश देव सैनी विजयी हुये तथा उन्होने अपने प्रतिद्वन्दी कुंजबिहारी कुमावत को 9 मतो से हराया। पुस्तकालय सचिव पद पर करणीसिंह पालावत विजयी हुये जिन्होने अपने प्रतिद्वन्दी जलालुद्दीन कुरेशी को 55 मतो से हराया। संयुक्त सचिव पद पर अशोक कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष पद पर प्रदोष मान व सांस्कृतिक सचिव पद पर विजय सिंह चौधरी को पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया था।

कार्यकारिणी में नानूराम यादव, पार्थसिंह निर्वाण, प्रदीप सैनी, रवि सैनी, सतीशचन्द्र दीक्षित निर्वाचित घोषित किये गये। इसके पश्चात् विजयी जुलुस के रूप में अधिवक्ताओ ने विजयी प्रत्याशीयों के साथ गणेश मन्दिर में जाकर धोक लगाई। यह जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी हेमाराम चौधरी, विनोद कुमार शर्मा, नानूसिंह शेखावत व सहायक चुनाव अधिकारी आर.एस.भदाला, प्रवीण कुमार तंवर व रामसिंह नटवाडिया ने दी। चुनाव सहायक विजय शर्मा, सीताराम घोसल्या, बुद्धिप्रकाश, मुकेश सैनी, पुरुषोत्तम सैनी ने चुनाव कार्य सम्पन्न करवाया।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर सचेतनता शिविर हुआ आयोजित

**असम (हमारा वतन)।** हाइलाकान्दी पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर सचेतनता शिविर का आयोजन किया गया । राघव चंद्र नाथ ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारें लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही हैं । वर्तमान समय में केंद्र सरकार की तरफ से हर वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह योजनाएं लाभकारी और कल्याणकारी हैं। किसानों से लेकर महिलाओं तक के लिए योजनाएं चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के दिन पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। अगर कोई अपना व्यापार शुरू करना चाहे, तो उसे सरकार की इस योजना के तहत 3 लाख रुपये तक का लोन मिल सकता है। इस योजना के तहत बिना किसी



गारंटी के लोन मिलेगा। लेकिन सरकार ने इसके लिए 18 ट्रेड्स से तय किए हैं जिसे लाभार्थी जुड़ा होना चाहिए। ऐसे में आप इस योजना का फायदा उठाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

राघव ने लोगों को बताया की भारत सरकार की यह विश्वकर्मा योजना के तहत सुनार, लोहार, नाई और कर्मकार जैसे पारंपरिक कौशल रखने वाले कारीगरों को कई फायदे दिए जाएंगे। सरकार ने इस योजना में 18 पारंपरिक कौशल वाले व्यवसायों को शामिल किया है। इससे देशभर में मौजूद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता मिलेगी।राघव चंद्र नाथ ने ओर भी कहा कि इस योजना के कारीगरों ओर शिल्पकारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा । विपणन समर्थन भी किया जाएगा जिससे लाभार्थियों को ओर भी फायदा होगा

# सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्यारे पुलिस के शिकंजे में : चंडीगढ़ से शूटर नितिन-रोहित गिरफ्तार

**जयपुर (हमारा वतन)।** सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में राजस्थान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शनिवार को पहले आरोपियों को फरारी में मदद देने वाले को पकड़ा और फिर मुख्य आरोपियों को भी धर-दबोचा। गोगामेड़ी पर तड़ातड़ फायरिंग करने वाले दोनों शूटर हिमाचल में दो अन्य साथियों के साथ पकड़े गए। अन्य दो जने शूटरों की मदद के लिए साथ थे। यह कार्वाई सीआईडी क्राइम ब्रांच, जयपुर पुलिस और दिल्ली सीआईडी की टीम ने की है। अब पुलिस आरोपियों को लेकर जयपुर के लिए





रवाना हो गई है। आरोपियों से पूछताछ के बाद खुलासा होगा कि इसमें लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा के अलावा और कौन-कौन शामिल है। मामले में आनंदपाल की बेटी चीनू की भूमिका की बताई जा रही थी, जिसे एक दिन पहले खुद चीनू ने वीडियो जारी कर गलत बताया था। डीजीपी उमेश मिश्रा के नेतृत्व में शूटरों को पकड़ने में जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ व आईपीएस दिनेश एमएन की प्रमुख भूमिका रही। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार नितिन फौजी सेना का जवान है। वहीं दूसरा शूटर मकराना निवासी रोहित राठौड़ कुछ दिन पहले ही उदयपुर में हथियारों के साथ पकड़ा था। आरोप है कि वह किसी हिस्ट्रीशीटर की हत्या के लिए वहां पहुंचा था। 15 दिन जेल में रहने के बाद उसे जमानत मिल गई। राठौड़ और नितिन को लॉरेंस व रोहित गोदारा की गैंग ने उसे गोगामेड़ी की हत्या की साजिश में शामिल किया।

# जॉब्स-

1. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 327, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2023
2. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे प्रयागराज, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2023
3. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 26146, अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2023
4. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद आईबी एजीक्यूटिव, पद संख्या 995, अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2023
5. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद सर्कल बेस्ड ऑफिसर, पद संख्या 5280, अंतिम तिथि 12 दिसंबर 2023
6. आइटीबीपी, पद असिस्टेंट कमांडेंट इंजीनियर, पद संख्या 6, अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2023
7. हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन, पद सिविल सर्विसेज, पद संख्या 121, अंतिम तिथि 21 दिसंबर 2023
8. एनआईओएस, पद विभिन्न ग्रुप एबीसी पोस्ट, पद संख्या 62, अंतिम तिथि 21 दिसंबर 2023




# मेरी और इमरान हाशमी की केमिस्ट्री भाई-बहन की तरह है, तनुश्री दत्ता बोलीं- किस करते वक्त वह...

तनुश्री दत्ता ने चौंका देने वाले बयान दिया है। चॉकलेट डीप डार्क सीक्रेट, गुड बॉय बैड बॉय और आशिक बनाया आपने में इमरान हाशमी के साथ रोमांटिक फिल्में करने वालीं तनुश्री ने कहा कि उनकी और इमरान की केमिस्ट्री भाई-बहन की तरह है। इतना ही नहीं, तनुश्री ने ये भी कहा कि इमरान और उनकी बातचीत न तब होती थी और न अब होती है। आइए जानते हैं तनुश्री ने अपने और बॉलीवुड के किसर बॉय के बारे में और क्या-क्या कहा।



**क्या बोल गईं तनुश्री दत्ता?** तनुश्री दत्ता ने फिल्मीज्ञान को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरी और इमरान हाशमी की केमिस्ट्री भाई-बहन की तरह है। सच में हमारे बीच कोई पर्सनल केमिस्ट्री नहीं है। इसके बाद, जब तनुश्री दत्ता से पूछा गया कि क्या कभी ऐसा हुआ है कि किसी ने बहुत गंदा किस किया हो? इस पर तनुश्री ने कहा, मैंने फिल्मों में सिर्फ इमरान को ही किस किया है। इंटरव्यू लेने वाले ने कहा, अच्छा! वो तो अच्छे किसर हैं। तनुश्री ने जवाब में कहा, ऐसा मैं नहीं कहूंगी। क्योंकि मेरी उनके साथ कोई केमिस्ट्री ही नहीं है। देखो केमिस्ट्री उसके साथ होती है जिसको देखकर आपके पेट में बटरफ्लाय उड़ने लगे। लेकिन, हमारे बीच ऐसा कुछ था ही नहीं। मेरे लिए इमरान हमेशा से एक एक्टर रहे हैं। उनके लिए मैं एक एक्ट्रेस रही हूं। हमारी न तब बात होती थी और न अब होती है। हम सिर्फ कैमरा के सामने अपना काम करते थे।

**किस करते वक्त ऑक्वर्ड हो जाते हैं इमरान-** तनुश्री ने आगे कहा, पहली बार जब मैंने उन्हें किस किया था तब मैं बहुत ऑक्वर्ड हो गई थी। हमारी साथ में पहली फिल्म चॉकलेट डीप डार्क सीक्रेट थी। उस फिल्म में मैं उनकी हीरोइन नहीं थी। हालांकि, डायरेक्टर ने फालतू में किसिंग सीन रख दिया। अब तक मैं नई थी इसलिए मना नहीं कर पाई। लेकिन, जब हमने वो सीन को शूट किया तब हम इतने ऑक्वर्ड हो गए थे कि डायरेक्टर को वो सीन हटाना पड़ा। फिर जब आशिक बनाया आपने में कहा गया कि ऐसा-ऐसा सीन करना है तब मैंने सोचा कि मैं तो पहले ही इस एक्टर को किस कर लिया है अब क्या मना करूं। वो बात अलग है कि मैं तब भी ऑक्वर्ड थी। इमरान भी ऑक्वर्ड थे। उनकी इमेज किसर बॉय की जरूर है लेकिन, किस करते तब वह भी अनकम्फर्टेबल हो जाते हैं।

# जब गौरी ने मीडिया में लीक कर दी थीं अपनी और शाहरुख की बातें, एक्टर ने पत्नी को बताया था आस्तीन का सांप

शाहरुख खान ने एक बार गौरी खान को आस्तीन का सांप कहा था। शाहरुख खान ने कहा था, मेरे घर तले मतलब आस्तीन के सांप तैयार हो गए हैं...मेरी बीवी और बच्चे। अब सवाल यह उठता है कि शाहरुख खान ने ऐसा कब और क्यों कहा था? दरअसल, उनकी और गौरी की कुछ बातें पब्लिक हो गई थीं। इन्हें पब्लिक किसी और ने नहीं बल्कि खुद गौरी खान ने किया था। जब ये बात शाहरुख खान को पता चली तब उन्होंने गौरी के लिए इन शब्दों का इस्तेमाल किया। इससे पहले की आप थोड़े सीरियस हो जाएं, हम आपको बता देते हैं कि शाहरुख खान ने ये मजाक में कहा था।



**कुछ ऐसा था पूरा मामला-** 2016 की बात है। शाहरुख खान आपकी अदालत में आए थे। इस दौरान उनपर ये इल्जाम लगाया गया था कि वह बहुत जल्दी गुस्सा हो जाते हैं। आपकी अदालत के होस्ट रजत शर्मा ने कहा था, आपके साथ जो भी काम करता था वह यही कहता था कि हमने शाहरुख खान को कभी गुस्सा करते नहीं देखा। लेकिन, आपकी वाइफ ने आपसे कहा था कि शाहरुख आप अक्सर अपना आपा खो बैठते हैं। दरअसल, वानखेडे स्टेडियम वाली रात के बारे में जब गौरी से पूछा गया था कि उन्होंने इस पर कैसे रिएक्ट किया था तब उन्होंने कहा था कि जब शाहरुख घर आए तब मैंने कहा था कि अपना आपा मत खोया करो तुम अक्सर अपना आपा खो बैठते हो।

**हंस पड़े शाहरुख** -शाहरुख खान हंस पड़े। उन्होंने कहा, पता नहीं कब उसने ये स्टेटमेंट पब्लिक कर दिया। ये तो वही बात हुई मेरे घर तले मतलब आस्तीन के सांप तैयार हो गए हैं...मेरी बीवी और बच्चे। पहले ही प्रेस वाले इतनी बातें पता कर लेते हैं और अब बीवी भी बताने लग गई है। इसके बाद, शाहरुख खान ने वानखेडे स्टेडियम में हुई घटना के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह पब्लिक से माफी मांगना चाहते हैं। उन्हें सबके सामने ऐसा नहीं करना चाहिए था। अगर दोबारा कोई उनके बच्चों के साथ ऐसा करेगा तो वह उसे रूम के अंदर ले जाएंगे और फिर गुस्सा करेंगे। पब्लिक में कभी ऐसी हरकत नहीं करेंगे।




# सर्दी लग गयी है तो इन घरेलू नुस्खों से पाएं राहत

सर्दियों के मौसम में ठंड लग जाये तो बहुत समस्या हो सकती है। ऐसे में कोई दवा घरेलू नुस्खों जितनी कारगर नहीं है। हम बताते हैं आपको ऐसे घरेलू नुस्खे जो ठंड लगने पर राहत देंगे।चाहें आप देर रात घर लौट रहीं हो या जल्दी सुबह वॉक पर निकलें, सर्दियों में ठंड लगने के कई कारण हो सकते हैं। अगर आप सर्दी के मौसम में खुद को अच्छी तरह बचाकर नहीं चलती हैं, तो ठंड लग जाती है। ठंड लगने पर ढेरों समस्याएं जैसे सिर दर्द, गले में दर्द, दस्त, नाक बहना, पेट दर्द इत्यादि होता है। ठंड लगने की कोई दवा नहीं है और आप इन लक्षणों के लिए ही दवा लेते हैं। लेकिन कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे हैं जो सर्दी के लक्षणों को ठीक करने के लिए दवा से ज्यादा कारगर हैं।



**गले मे दर्द के लिए अपनाएं ये नुस्खे**-ठंड लगने पर गले मे दर्द, खिचखिच और खांसी जैसी तकलीफहोती है जो बहुत कष्टकारी होती है। कई बार तो दर्द इतना बढ़ जाता है कि बोलने और खाने में भी तकलीफहोती है। इस समस्या को खत्म करने में घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं-

**गरारे करना भी एक अच्छा उपाय है।**

1. हर आधे घण्टे पर गुनगुना पानी पिएं। ये न केवल आपके गले को सेंक पहुंचाता है, बल्कि आपके शरीर में पानी की कमी भी नहीं होने देता।
2. गर्म पानी में एक चुटकी नमक और हल्दी डालकर उससे गरारे करें। आयुर्वेद के अनुसार हल्दी और नमक गले को सेंक कर कफदोष से निजात दिलाते हैं। साथ ही हल्दी के एंटीबायोटिक और एंटीबैक्टीरियल गुण इन्फेक्शन खत्म करते हैं और गले के दर्द से राहत मिलती है।
3. अदरक की हर्बल चाय दिन में तीन से चार बार पियें।
4. रात को सोने से पहले एक चम्मच शहद खाएं। उसके ऊपर से पानी न पियें। शहद में एंटीबैक्टीरियल और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो गले को राहत देते हैं।

बहती नाक से ऐसे पाएं राहत

**अगर आपकी नाक बह रही है तो आप इन नुस्खों की सहायता ले सकती हैं-**

1. नाक में जितनी गहराई तक हो सके, तेल लगाएं। इसके लिये सरसों का तेल बेस्ट होता है, लेकिन अगर आपको उसकी गंध बर्दाश्त नहीं होती, तो आप बादाम या जैतून का तेल भी लगा सकती हैं। ये नाक को ड्राई होने से बचाएगा और बार-बार नाक पोंछने पर होने वाले रैशेस को भी दूर करेगा।
2. रात को सोने से पहले नाक को जरूर साफकरें। इससे आपको सोते समय सांस लेने में समस्या नहीं होगी।
3. खौलते हुए गर्म पानी से भाप लें। इस पानी में दो-चार लौंग और दालचीनी भी डाल लें। जर्नल इन्वेस्टिगेटिव मेडिसिन में अनुसार दालचीनी और लौंग एंटीइंफ्लेमेटरी होती हैं, जो आपकी बन्द नाक को खोलती हैं। ये आपकी बन्द नाक खोलने का काम करेगा।

**पेट दर्द और दस्त के लिए**-ठंड लगने पर पेट मे दर्द होना और दस्त एक बड़ी समस्या है। ये न सिर्फ कष्टदायक है, बल्कि शरीर को डीहाइड्रेट भी कर देता है।

# खुद का विकास करना चाहती हैं, तो करें अपनी ईगो कंट्रोल

चाहें आपकी बात हो या आपके आसपास मौजूद लोगों की, अहंकारी होना वास्तव में कभी भी अच्छा नहीं होता। इसलिए आपको इन टिप्स के जरिए अपने अहंकार को मैनेज करने में मदद मिलेगी। अपने रिश्तों को बर्बाद करने से लेकर, कई प्रोफेशनल अवसरों का गंवाने तक। हमारे अहंकार के कारण हमें कई बार नुकसान उठाना पड़ता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल रक्षा तंत्र की तरह करते हैं, जबकि कुछ लोग इसे किसी बात को साबित करने के लिए करते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि अहंकार से छुटकारा पाने के लिए हम क्या कर सकते हैं? और क्या हम वास्तव में इस भावना को वश में कर सकते हैं। शुक्र है कि मनोचिकित्सक के अनुसार अहंकार को संभाला जा सकता है। लेकिन आपको बहुत सावधान रहना होगा। आप जानती हैं ऐसा क्यों? क्योंकि यह कोई ऐसी बीमारी नहीं है जिसका इलाज रात भर किसी एंटीबायोटिक द्वारा किया जा सके।



**क्यों होता है अहंकार**-यह एक भावना है जिसके हर दिन प्रयास करने की आवश्यकता होती है। अगर इसे ठीक से प्रबंधित नहीं किया गया है, तो यह आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसीलिए आपको इसके बारे में सब कुछ समझने की जरूरत है, इससे पहले कि आप इस पर विजय प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ें। डॉ. आनंद कहती हैं, अहंकार हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है वॉकहार्ट अस्पताल, मुंबई की मनोचिकित्सक डा. सोनल आनंद ने सिगमंड फ्रायड द्वारा प्रस्तावित प्रसिद्ध मनोविश्लेषण सिद्धांत का हवाला देते हुए कहती हैं, उन्होंने मानव प्रकृति के तीन महत्वपूर्ण घटकों के बारे में बात की आईडी , अहंकार , और सुपरईगो । वह बताती है कि कैसे तीनों का जटिल परस्पर संबंध हमें अपना व्यक्तित्व प्रदान करता है।अहंकार आत्म-मूल्य से संबंधित है, यह रिश्तों की कई भावनाओं और परिणामों का दोहन करता है। अहंकार हमें आत्म-असंतोष का विकृत विचार प्रदान करता है, जिससे हम दूसरों को नीचा दिखा सकता है। यह असुरक्षा की भावना पैदा करता है, जिससे हम आत्मरक्षा की तकनीक विकसित करने में बहुत समय लगाते हैं।ईगो की समस्या होने पर हम अच्छे रिश्तों के बढ़ने और विकसित होने से रोक सकते हैं। यह हमारे अंदर भ्रम पैदा करने का कारण बनता है।

# मनुष्य के समस्त दुखों का निवारण ध्यान से होगा

महावीर ने साधु-साध्वियों को दिन का और रात का एक-एक पहर ध्यान करने के लिए कहा है। स्वाध्याय के साथ ध्यान में मन लगाना साधना का अंग रहा है। स्वाध्याय से बाहरी साधनों से मन को साधा जाता है। ध्यान में आंतरिक साधना से मन को साधा जाता है। स्वाध्याय में विस्तार ही विस्तार है। ध्यान में गहराई ही गहराई है। यही वजह है कि ज्ञानी से बड़ा ध्यानी को माना गया है। दार्शनिकों की धारणा है कि चिंतन-मनन और अध्ययन से परमात्व तत्व को पकड़ा जा सकता है। एक बार अरस्तु ने एक आदमी को एक-एक कर चम्मच में समुद्र का पानी लेकर गड्ढे को भरते हुए देखा। उस आदमी का कहना था कि वह इस तरह समुद्र को खाली कर देगा। उसकी इस बात को सुनकर अरस्तू हंसने लगे। तब वह आदमी बोला, पागल मैं नहीं, तुम हो, जो सत्य के विराट महासागर को विचारों की चम्मच से भरने की कोशिश कर रहे हो।

**हमारा वतन**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# नए नेतृत्व का समय

तेलंगाना राज्य के गठन के बाद पहली बार कांग्रेस सत्ता में आई है और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपनी टीम के साथ बड़े ही धूमधाम से सत्ता संभाल ली है। राज्य में कांग्रेस को बहुमत मिलने के तीन दिन बाद हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में स्वाभाविक ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य अनेक नेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह अगर शक्ति प्रदर्शन जैसा लगने लगा, तो आश्चर्य नहीं। चार राज्यों में बुरी तरह निराश हुई कांग्रेस के लिए तेलंगाना एक संजीवनी की तरह है। 119 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस ने अकेले 64 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनाई और पड़ोसी कर्नाटक में भी उसी की सरकार है, अतः दक्षिण में कांग्रेस को अपना काम दिखाने के लिए एक बड़ा क्षेत्र मिल गया है।रेवंत रेड्डी के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सबसे बड़ी खबर यह है कि उन्होंने पहले ही दिन पार्टी के छह वादों को पूरा करने संबंधी फैसला ले लिया। स्वयं कांग्रेस पर यह आरोप रहा है कि वह अपने अनेक वादे निभा नहीं पाती है, पर अब राजनीति में यह परिपाटी बहुत मायने रखती है कि सत्ता संभालते ही पहला निर्णय वादों को पूरा करने के लिए लिया जाने लगा है। शायद जनता भी यही चाहती है। तेलंगाना में लोगों को महालक्ष्मी योजना के तहत 2,500 रुपये हर महीने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा हासिल हो गई है। रायथु योजना, गृह ज्योति योजना, इंदिरम्मा इंदलु योजना, युवा विकासम योजना भी लागू हो गई है। ये सभी सीधे आर्थिक लाभ वाली योजनाएं हैं, अतः तेलंगाना में लोक-लुभावन योजनाओं का एक नया युग शुरू हो गया है। इन योजनाओं के साथ ही रेवंत रेड्डी को शासन-प्रशासन में सुधार के साथ ही तेलंगाना के विकास को भी तेज करना होगा। तेलंगाना की पिछली सरकार भ्रष्टाचार और परिवारवाद के चलते निशाने पर रहती थी, अब नए मुख्यमंत्री को इन कमियों से दूर रहना होगा। एक बात और ध्यान देने की है कि क्षेत्रीयता पर सियासी जोर के बजाय तेलंगाना को देश की मुख्यधारा से जोड़ना ज्यादा जरूरी है।


राम गोपाल सैनी

# निबिया खेड़ा ब्रिक टेम्पल पर बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**उत्तरप्रदेश (हमारा वतन)।** फिल्म पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 6 वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 3 दिवसीय आयोजन कमिश्नरी सभागार वाराणसी में संपन्न हुआ । उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ.प्र. तथा आईआईएमसी के तत्वावधान में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव में 115 देशों से 3212 फिल्मों की प्रविष्टियाँ आयी।

जिसमें से 45 देशों से 94 शॉर्ट फिल्मों को सेलेक्ट किया गया । ज्यूरी कमेटी ने 7 फाइनल डाक्यूमेंट्री व शार्ट फिल्मों को पुरस्कार हेतु चयनित किया जिसमें कानपुर की 9-10 शताब्दी के ब्रिक टेम्पल पर गौरव प्रकाश वर्मा के निर्देशन में स्क्रिप्ट राइटर प्रियंका वर्मा व अधिराज प्रकाश द्वारा प्रोड्यूस्ड डाक्यूमेंट्री फिल्म निबिया खेड़ा को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म कैटेगरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नक़वी व निर्णायक मंडल में प्रमुख रुप से निर्माता




निर्देशक प्रकाश झा, देवासी राय अभिनेत्री, सुधीर पांडे अभिनेता, अश्विनी अय्यर तिवारी निर्देशक, रूमी जाफरी निर्देशक लेखक, मनीष तिवारी निर्माता निर्देशक, मधुरिमा तुली अभिनेत्री और मॉडल, वरुण शेट्टी निर्माता, सौम्या टंडन अभिनेत्री, विनोद गनात्रा निर्माता निर्देशक,अशोक कुमार बर्मन आईएएस,आर के रावत, उप निदेशक पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार,आईआईएमसी चेयरमैन देवेंद्र खंडेलवाल आदि मौजूद रहे ।

## (कविता) लोकतंत्र

सत्ता की सेहत से पहले देश की सेहत अच्छी हो।
रेवड़ी कल्चर,फ्री घोषणापत्र पर हम सबका भी चिंतन हो।
ऐसा न हो कि देश डूबा दे हम और हश्र श्रीलंका जैसा हो।
कुर्सी की खातिर देश भुला दे फिर भुखमरी सा मंजर हो।
जन जन के कर को खूब लूटा दो सोच न ऐसा गंदा हो।
लोकलुभावन दलों के प्रलोभन कभी न देश लुटावन हो।
जो कुर्सी और सत्ता हथियाले उन्ही के जेब से खर्चा हो।
देश न लूटे नहीं लुटाए जग में ऐसे रामराज्य की चर्चा हो।
मुफ्त रेवड़ी लुटाने वाले दलों,नेताओ की जेब से सारा खर्चा हो।
करदाता से मिले जो रुपया विकास में उसका खर्चा चर्चा हो।
भ्रष्टाचार से मुक्त शासन दे ऐसे नेता का निर्वाचन हो।
चारों दिशा में राष्टभक्ति और सदाचारी विकासपुरुष की चर्चा हो।
मिथ्याभाषी को सजा मिले व लोकतंत्र बचाने की चर्चा हो।
झूंठे नेता को दंड मिले तब लोकतंत्र बचाने की चर्चा हो ।
सच्चे नेता रामराज्य लाए तब लोकतंत्र बचने की चर्चा हो।

**-राजेन्द्र आचार्य राजन,**
**भवानीमंडी**




## इंडिया शेल्टर फाइनेंस 1200 करोड़ का आईपीओ 13 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडिया शेल्टर या कंपनी), एक रिटेल केंद्रित किफायती आवास वित्त कंपनी है जिसमें एक व्यापक वितरण नेटवर्क है। पूरे देश में कंपनी के नेटवर्क में 30 सितंबर, 2023 तक 203 शाखाएं शामिल हैं और हमारे व्यापार संचालन की पूरी प्रक्रिया में और लोन साइकल में स्केलेबल टेक्नोलोजी पर आधारित बुनियादी ढांचा है। कंपनी ने अपने इक्विटी शेयरों के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 से बिड/ऑफर शुरू करने की घोषणा की है। प्रत्येक अंकित मूल्य 5 के इक्विटी शेयरों का कुल ऑफर साइज़ 12,000 मिलियन [ 1200 करोड़] तक है, जिसमें 8,000 मिलियन [ 800 करोड़] तक का नया इश्यू और कुल मिलाकर 4,000 मिलियन [ 400 करोड़] तक के सेलिंग शेयरधारकों के प्रस्ताव शामिल हैं।

## (कविता)
## कलयुग तेरा करिश्मा ए इंसान

हाय रे कलयुग की महिमा
कुछ झूठों का ये जमाना
शुद्ध बना ले तू अपना आचरण
कर ले मन पे नियंत्रण।
ना भूल तू हाड़ मांस
का बना इंसान
धन दौलत पाकर ना बन भगवान
काहे करता खुद पर
गुमान और अभिमान।
बाहर तू रखता सुंदर वेश
मन के अंदर रखता छिपाकर द्वेष।
ना दे तू सबको झूठा प्यार
तेरा ये झूठा प्यार ही करता वार।
पानी का बुलबुला है तू
पल भर में फूट जायेगा
ना कर घमंड, मिट्टी
में मिल जायेगा
अरे अभी सुधर जा
बाद में पछताएगा।
परफ्यूम से खुद को कुछ
घण्टे ही महकाएगा
सुविचार ग्रहण कर ले
संसार में पूजा जाएगा।
अपना ले दयाभाव और भक्ति को
सदमार्ग का ज्ञान बता
दे तू हर व्यक्ति को।
कड़वे,और गंदे बोल को छोड़
मीठी वाणी से तू प्रेम फैला दे
परमात्मा की नजर में
अपने कर्म को महकादे।
नेकी का रास्ता चुन ले
छोड़ गए जो संत कबीर, रहीम
सभी को दयाभव - सुविचार
बता दे
परमात्मा को तू हमेशा
के लिए पा ले।



**पूजा गाडिया लोहार, झालावाड़**

## (गीत)थे हम

कहने को बस चराग थे हम
कागज़ के घर में आग थे हम
अंक से मुझे आंकना ना अब
शून्य में ....अंक से भाग थे हम
अर्ज थी तो बात थी कुछ
मर्ज़ीयों में दम भी था कुछ

ज्यादा होना... कम हुआ था
ज्यादे में वैसे कम भी था कुछ
जहाँ हुई बस खाना पूर्ति
कागजो में विभाग थे हम
कहने को बस चराग थे हम
कागज़ के घर में आग थे हम
धुन कोई अच्छी लगी तो
गाना पड़ा रूधे गले से

राख़ में अब भी तपिश बची है
लम्हा - लम्हा जले थे ऐसे
अच्छा लगा पर समझ न आया
जाने कैसी राग थे हम
कहने को बस चराग थे हम
कागज़ के घर में आग थे हम
रंग में रंगहीन द्रव से

सबमें हम घुल - मिल रहे थे
भावनाएं बेरंग थी पर
दिल -जुबाँ को सिल रहे थे
सुबह चढ़ा कुछ पल में उतरा
जाने कैसे फाग थे हम
कहने को बस चराग थे हम
कागज़ के घर में आग थे हम



**सिद्धार्थ गोरखपुरी**




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा